प्रबंधन

अगले साल जून माह से दो वर्षीय बिजनेस एनालिटिक्स का कोर्स

आइआइएम में एक और नया पाठ्यक्रम

जागरण संवाददाता, रांची : आइआइएम रांची में अगले शैक्षणिक सत्र से एक और नया पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। जून 2021 से दो वर्षीय एमबीए कोर्स बिजनेस एनालिटिक्स पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। अभी एमबीए, एमबीए एचआर (ह्यूमन रिसोर्स) और मैनेजमेंट में पीएचडी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इनमें अब एमबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स भी सम्मिलित हो जाएगा। इससे छात्रों को एनालिटिक्स का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस पाठ्यक्रम में बड़े पैमाने पर डाटा साइंस, सांख्यिकी मॉडलिंग, डाटा, माइनिंग टेक्निक्स, बिग डाटा विजुलाइजेशन, मशीन लर्निंग अनस्ट्रक्चर्ड डाटा के साथ एनालिटिक्स, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और सोशल मीडिया एनालिटिक्स को शामिल किया गया है। साथ ही इस पाठ्यक्रम में वास्तविक जीवन की व्यावसायिक समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक विश्लेषणात्मक मॉडल और मॉडल विकास तकनीकों पर विशेष जोर दिया जाएगा।

Dainik Jagran, 25.11.2020, Pg. 04